Rajasthan Patrika

EDII

April 11, 2022
Pg.5

भारत की पहली सिंधु समिट में 10 देशों से पहुंचे लोग

अहमदाबाद. सिंधी समाज के युवा लोगों को एक मंच पर लाने और उन्हें आर्थिक रूप से सशक्त, आत्मनिर्भर बनाने के उद्देश्य से भारतीय सिंधु सभा की ओर से पहला सिंधु शिखर सम्मेलन रविवार को यहां भाट गांव स्थित भारतीय उद्यमिता विकास संस्थान (ईडीआईआई) में आयोजित किया गया। जिसमें 10 देशों में रह रहे सिंधु समाज के उद्योगपति-व्यापारियों ने भाग लिया। कार्यक्रम में राज्य के सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री प्रदीप परमार ने कहा कि गुजरात की प्रगति में सिंधी समाज की भी भूमिका रही है। उन्होंने समाज के संगठन के कार्यों को सराहनीय बताया। कुटीर उद्योग एवं सहकारिता राज्य मंत्री जगदीश पंचाल ने भी समाज के कार्यों की सराहना की।